# भीषण गर्मी में इंतजार, भीड़ और अव्यवस्था के बीच चला कैंसर शिविर

**खास बातें**
- मेडिकल कॉलेज में 1400 से ज्यादा मरीज पहुंचे
- धूप में घंटों परेशान रहे मरीज



नवभारत न्यूज

**विदिशा 6 जून, अटल बिहारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा में आयोजित तीन दिवसीय कैंसर जांच एवं उपचार शिविर उम्मीदों के साथ शुरू तो हुआ, लेकिन मरीजों की भारी भीड़ और व्यवस्थागत दबाव के चलते अव्यवस्था और लंबी प्रतीक्षा ने लोगों को परेशान कर दिया.**

शिविर में 1409 मरीज पहुंचे जिनमें 468 मरीज कैंसर पॉजिटिव और 131 मरीज संदिग्ध (संभावित) पाए गए.इतनी बड़ी संख्या में मरीजों के आने के बावजूद व्यवस्थाएं अपेक्षित स्तर पर कमजोर नजर आईं. शिविर में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लग गईं. कई मरीजों और उनके परिजनों को तेज धूप और गर्मी में घंटों तक इंतजार करना पड़ा जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और गंभीर मरीजों को खासा असुविधा हुई. स्थानीय लोगों का कहना है कि ओपीडी और कैंप दोनों मिलाकर दबाव इतना ज्यादा था कि बैठने और छांव की व्यवस्था भी अपर्याप्त साबित हुई. मेडिकल कॉलेज में सामान्य दिनों में भी करीब 1000 ओपीडी मरीज प्रतिदिन आते हैं, ऐसे में शिविर के दौरान अचानक बढ़ी भीड़ को संभालना चुनौती बन गया. पंजीकरण और जांच काउंटरों पर लंबी कतारें लगी रहीं. कई मरीजों को बार-बार इधर-उधर भेजा गया, बुजुर्ग और गंभीर मरीजों को प्राथमिकता देने में भी देरी हुई.वहीं विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि मध्य प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं का हब बन गया है. विदिशा में मेडिकल कॉलेज और जिला चिकित्सालय जेसी अद्भुत सुविधाएं मौजूद हैं. आज विदिशा में ही बच्चे पढ़ लिखकर डॉक्टर बन रहे हैं. शिविर में टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि कैंसर पीड़ित भटक रहे हैं उन्हें सहायता की जरुरत है.छह माह में इस अस्पताल में कैंसर पीड़ितों के लिए अच्छी सुविधा के साथ अच्छा उपचार होगा यह मेरा वादा है. उन्होंने कहा कि कैंसर में ईलाज से ज्यादा उसकी रोकथाम पहले प्रमुख है.

### इलाज के लिए मुंबई नहीं जाना पड़ेगा-शिवराज

इस दौरान केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि टाटा मेमोरियर अस्पताल देश ही नहीं पूरी दुनिया के सबसे शानदार अस्पतालों में से एक है. कई दिनों से मेरे मन में यह बात खटक रही थी कि कैंसर पीड़ितों को परेशान होकर मुंबई जाना पड़ता था, कई बार डॉक्टर्स की अपाइंटमेंट के लिए मुझे या मेरे कार्यालय के लोगों को फोन करना पड़ता था। मेरे दिमाग में हमेशा यही बात रहती थी कि टाटा मेमोरियल की यूनिट को विदिशा कैसे लाया जाए और इसलिए मेरे द्वारा टाटा मेमोरियल अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर पंकज चतुर्वेदी और उनकी टीम से संपर्क किया गया और आज यह शिविर शुरु हो सका. उन्होंने कहा कि अब कैंसर उपचार के लिए मरीजों को मुंबई जैसे दूरस्थ शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा. इस शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कैंसर पीड़ित उपचार करवाने आए हुए हैं. कैंसर से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने लोगों से नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट और अन्य नशीले पदार्थ कैंसर के प्रमुख कारण हैं.

### महत्वपूर्ण पहल, लेकिन व्यवस्थाएं कमजोर

हालांकि यह शिविर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की शुरुआती पहचान और इलाज की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर अव्यवस्था ने इसकी तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं. कई परिजनों ने कहा कि इतने बड़े स्तर के आयोजन के लिए छाया, पानी, बैठने की व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण और मजबूत होना चाहिए था. शिविर का उद्देश्य कैंसर की समय रहते पहचान, परामर्श और उपचार सुविधा उपलब्ध कराना बताया गया था. विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच कर मरीजों को जरूरी सलाह दी. विदिशा मेडिकल कॉलेज में हुआ यह शिविर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में अहम कदम जरूर है.

### समय रहते पहचान होने पर उपचार संभव- उप मुख्यमंत्री

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अटल बिहारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित कैंसर उपचार शिविर को संबोधित करते हुए कैंसर रोगियों के बेहतर उपचार और सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि विदिशा मेडिकल कॉलेज में कैंसर के इलाज हेतु देश की प्रतिष्ठित संस्था टाटा मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं और उपचार संबंधी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे.

# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन



- कर्मचारियों पर धक्का-मुक्की के आरोप
- बेदनखेड़ी बस्ती में तनावपूर्ण माहौल

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 6 जून, बेदनखेड़ी बस्ती में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी बिना पूर्व सूचना के घरों में घुसकर स्मार्ट मीटर लगाने लगे. स्थानीय महिलाओं ने इसका कड़ा विरोध करते हुए आरोप लगाया कि वे स्मार्ट मीटर नहीं लगवाना चाहतीं, इसके बावजूद कर्मचारियों द्वारा जबरदस्ती की जा रही है.**

स्थानीय लोगों के अनुसार जब महिलाओं ने कर्मचारियों को घरों से बाहर निकालने का प्रयास किया तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई. आरोप है कि इस दौरान कर्मचारियों ने महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार किया, जिससे बस्ती में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र होकर नारेबाजी करने लगीं.

घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर मौके पर पहुंचे और विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों से सवाल किया कि जब उपभोक्ता स्मार्ट मीटर नहीं लगवाना चाहते तो जबरदस्ती क्यों की जा रही है. इस पर मौके पर विवाद और बढ़ गया.इसके बाद सभी लोग विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे, जहां माहौल और अधिक गरमा गया और नारेबाजी शुरू हो गई.

### थाने में भी पहुंचा मामला

इसके बाद महिलाएं सिटी थाना पहुंचीं और वहां भी जमकर नारेबाजी की. स्थिति को देखते हुए सिटी थाना प्रभारी ने सभी को समझाइश दी और आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी तथा यदि कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी.

### विद्युत अधिकारियों और उपाध्यक्ष के बीच तीखी बहस

कार्यालय में मौजूद विद्युत विभाग के अधिकारी और नगर पालिका उपाध्यक्ष के बीच तीखी बहस हुई. अधिकारी ने कथित रूप से कहा कि वे थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएंगे और कार्रवाई की चेतावनी दी. इस दौरान अधिकारियों ने यह भी कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, विरोध के बावजूद प्रक्रिया जारी रहेगी.

### नगर पालिका उपाध्यक्ष का बयान

नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर ने कहा कि बिजली के बिल पहले से ही अधिक आ रहे हैं और स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल और बढ़ने की आशंका है. उन्होंने कहा कि यह लड़ाई जनहित में है और यदि अधिकारियों का व्यवहार नहीं सुधरा तो वे नागरिकों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन करेंगे, चाहे इसके लिए जेल भी जाना पड़े.उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी बिना अनुमति गरीब बस्तियों में घरों के अंदर घुसकर स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं, जो गलत है. उन्होंने मांग की कि पहले उपभोक्ताओं को पूरी जानकारी दी जाए और सहमति ली जाए, उसके बाद ही कोई कार्रवाई हो.

## आज अहमदपुर चौराहे पर सजेगा भक्ति का भव्य दरबार

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर के अहमदपुर चौराहे पर आज रविवार 7 जून को एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है. महाकाल डेवलपर्स द्वारा आयोजित इस विशाल धार्मिक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध शिवभजन गायक गजेन्द्र प्रताप सिंह अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे.आयोजन समिति के सुयश रघुवंशी अनुसार कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं.आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं. कार्यक्रम में विदिशा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है.

# नटेरन के समीप ग्राम मुदरी खिरनी में आंधी से पीपल का विशाल पेड़ गिरा

- ट्रैक्टर और मकान को भारी नुकसान



नवभारत न्यूज

**नटरेन 6 जून,** नटेरन के समीपस्थ ग्राम मुदरी खिरनी में तेज आंधी-तूफान के कारण एक विशाल पीपल का पेड़ गिर गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.पेड़ गिरने से मोहन सिंह रघुवंशी का महिंद्रा ट्रैक्टर, जिसे उन्होंने मात्र चार माह पूर्व ही नया खरीदा था, पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इसके साथ ही पेड़ गिरने से पास स्थित एक मकान भी प्रभावित हुआ और उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ.स्थानीय लोगों के अनुसार पेड़ गिरने से मोहन सिंह रघुवंशी का एक मंजिला मकान भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया.

बताया जा रहा है कि नटेरन और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान चल रहा था, जिसके चलते यह विशाल पीपल का पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया और यह हादसा हो गया.घटना की सूचना मिलते ही नटेरन के नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया. उन्होंने क्षति का पंचनामा तैयार कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की.इस घटना के बाद गांव में नुकसान और सुरक्षा को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है. ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है.

# रायपुर गांव में करंट से गाय और सांड की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

- जर्जर ट्रांसफार्मर बना जानलेवा, हर साल हादसे का आरोप



नवभारत न्यूज

**नटेरन,** क्षेत्र के रायपुर गांव में आज मौसम के बदले मिजाज के साथ आई तेज आंधी-तूफान और बारिश के बाद बड़ा हादसा हो गया. गांव के आम रास्ते पर लगे एक बिजली ट्रांसफार्मर में अचानक करंट फैलने से एक गाय और एक सांड की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. स्थानीय लोगों के अनुसार, बारिश के बाद ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में करंट फैल गया. इसी दौरान रास्ते से गुजर रही एक गाय और एक सांड उसकी चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. मृत गाय गांव के ही वीरेंद्र रघुवंशी की बताई जा रही है, जबकि सांड आवारा था. ग्रामीणों का आरोप हर साल होता है हादसा, शिकायतें बेअसर. घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी नाराजगी देखने को मिली. ग्रामीण ओमप्रकाश रघुवंशी ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है. उनके मुताबिक इस ट्रांसफार्मर के आसपास हर साल 4 से 5 दुर्घटनाएं होती हैं कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर की स्थिति बेहद जर्जर है और हल्की बारिश में भी करंट फैलने का खतरा बना रहता है. ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर गांव के मुख्य रास्ते पर स्थित है, जिससे हमेशा खतरा बना रहता है.उनका कहना है कि यह स्थिति किसी भी समय मानवीय दुर्घटना को जन्म दे सकती है. रायपुर गांव की यह घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ढांचे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है. स्थानीय लोग अब स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाएं दोबारा न हों.

# कुएं से मोटर निकलते समय कुएं में गिरने से दो लोगों की मौत



नवभारत न्यूज

**पठारी, थाना अंतर्गत ग्राम बनोह में एक दुखद घटना घट गई कुए से मोटर निकलते समय पैर फिसलने से एक युवक कुएं में गिरा जिसको बचाने के प्रयास में दूसरा युवक भी डूबा.**

पठारी थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह ने बताया कि ग्राम बनोह निवासी भगवान सिंह दांगी के खेत में बने हुए कुएं में सिंचाई के लिए राखी मोटर निकालने के लिए कर्मचारी गोलू अहिरवार पिता कैलाश अहिरवार उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम बगोदा कॉलोनी कुए की मोटर को बाहर निकालने के लिए कुएं में उतरा था जो नियंत्रण होकर रपट गया और कुएं में भरा हुआ लगभग 20 फुट पानी में डूबने लगा जिसे डूबता देख किसान भगवान सिंह दांगी पिता कल्याण सिंह दांगी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बनोह उसे बचाने के लिए स्वयं कुएं में उतर गया तभी दोनों लोग कुएं में डूब गए जिससे दोनों व्यक्तियों की मृत्यु हो गई. घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह सहित पुलिस स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचा और दोनों व्यक्तियों को कुएं से बाहर निकाल कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाथरी लाया गया जहां दोनों व्यक्तियों का पोस्टमाडम कराकर सबोको परिजनों को सौंप दिया गया.

# पूरक आहार बच्चों के समुचित विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक : जैन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पूरक आहार दिवस के अवसर पर इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स एवं शिशु विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया.विदिशा आईएमए अध्यक्ष डॉ. एम.के. जैन ने कहा कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास तथा कुपोषण की रोकथाम के लिए 6 माह की उम्र के बाद स्तनपान के साथ-साथ घर का बना शुद्ध एवं पौष्टिक पूरक आहार देना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि सही समय पर पूरक आहार शुरू करने से बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है.

उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम कॉम्प्लिमेंट्री फीडिंग बच्चों की ग्रोथ, ब्रेन डेवलपमेंट और भविष्य को बढ़ावा देता है पर आधारित है. कार्यक्रम में टीम द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक फ्लायर और जागरूकता सामग्री का भी उल्लेख किया गया, जिसमें भारतीय शिशु अकादमी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीलम मोहन, डॉ. रूपा बेलार्ड, डॉ. शैलजा माने और डॉ. प्रशांत करिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा. शाखा उपाध्यक्ष एवं शिशु विभाग प्रभारी डॉ. शरद गेडाम ने बताया कि पूरक आहार दिवस 6 जून को मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि 6 माह पर 80 प्रतिशत स्तनपान और 20 प्रतिशत पूरक आहार, 1 वर्ष तक 20 प्रतिशत स्तनपान और 80 प्रतिशत पूरक आहार, 2 वर्ष तक 90 प्रतिशत पूरक आहार और 10 प्रतिशत स्तनपान.उन्होंने कहा कि यह केवल प्रतीकात्मक दिवस है, लेकिन पूरे जून माह में जागरूकता गतिविधियां जारी रहनी चाहिए.

आईएपी विदिशा सचिव डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने कहा कि पहले दो वर्षों में पूरक आहार बच्चे के ग्रोथ, इम्यूनिटी और ब्रेन डेवलपमेंट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. उन्होंने बताया कि 6 से 9 माह के बच्चों को दिन में 2-3 बार, 9-12 माह के बच्चों को 3-4 बार और 2 वर्ष तक के बच्चों को 4-5 बार घर का बना पौष्टिक भोजन देना चाहिए.कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक उइके ने कहा कि बच्चों के लिए बाजार के रेडीमेड या डिब्बाबंद भोजन की बजाय घर का बना ताजा भोजन जैसे दाल, चावल, दलिया, खिचड़ी, सब्जियां और फल अधिक लाभकारी हैं.

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में तीनों इंजीनियरिंग ब्रांचों में शत-प्रतिशत प्लेसमेंट

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ने वर्ष 2026 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की तीनों शाखाओं में शत प्रतिशत प्लेसमेंट का रिकॉर्ड बनाया है. विद्यार्थियों की इस सफलता ने न केवल महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि क्षेत्र के तकनीकी शिक्षा संस्थानों के लिए भी एक नया मानक स्थापित किया है. महाविद्यालय की प्राचार्य भावना दांगी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा संस्थान के रोजगारोन्मुखी शैक्षणिक वातावरण के कारण यह सफलता संभव हो सकी है. उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल तकनीकी शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना भी है. प्लेसमेंट अधिकारी रागिनी अरजरिया ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा आयोजित ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. सुब्रोस लिमिटेड में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन शाखा से छोटू नायक एवं ऋतिक कुशवाह तथा सिविल शाखा से हुकुम सिंह कुशवाह एवं मनोज कुशवाह का चयन हुआ. इसी प्रकार सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन शाखा के लखन सिंह, सोनम अहिरवार एवं उर्मिला कुशवाह, कृष्णा मारुति लिमिटेड में मनोज कुशवाह, हुकुम सिंह एवं निखिल बैरागी को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ. महाविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया. संस्थान का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और उद्योगों से बेहतर समन्वय के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं. शत प्रतिशत प्लेसमेंट रिकॉर्ड के बाद सिरोंज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ा है. नए शैक्षणिक सत्र के लिए पंजीयन प्रक्रिया 4 मई से प्रारंभ हो चुकी है. महाविद्यालय की यह सफलता तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरी है.

# विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान



नवभारत न्यूज

सिरोंज, शासकीय महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में विद्या वन में वृक्षारोपण किया गया. राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी महेश चंद परमार की देखरेख में स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया. विद्या वन में लगे पौधों के आसपास साफ सफाई की. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित करने एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित करता है. आभार समृथ निनामा ने व्यक्त किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की.

# ग्राम पंचायत ने रोपे पौधे

नवभारत न्यूज

**पठारी, ग्राम पंचायत द्वारा कई फलदार एवं औषधि पौधों का रोपण शांति धाम एवं पंचायत प्रांगण में किया गया पूर्व के बर्षो मे लगाए गए पौधे आज पेड़ का रूप ले चुके है.**

सरपंच राखी अखिलेश पंथी ने बताया की पिछले बर्ष एक पेड़ माँ के नाम अभियान मे ग्राम के बिभिन्न स्थानों पर लगभग 500 पेड़ लगाए गए थे जिसमे लगभग 400 पेड़ सुरक्षित है आने बाले मानसून मे ग्राम पंचायत पठारी का लक्ष्य 1000 पौधे लगाने का है जिससे ग्राम हरा भरा और पर्यावरण सुरक्षित रहे विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है.इस दिन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित करना है. यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के बिना जीवन संभव नहीं है.आज के समय में पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है।इससे निपटने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना होंगे तभी पर्यावरण सुरक्षित एवं संतुलित रहेगा.







जया इंटरप्राइजेज
आर.टी.ओ. ऑफिस के सामने, अशोक नगर रोड
विदिशा म.प्र.- 464001 मो. 9713155050
Vishek baghel Mob.: 8103487780

